डीआर भोपाल

भोपाल, बैरागढ़, बीएचएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया | फाल्गुण कृष्ण पक्ष 11- 2082 | भोपाल,दिन शुक्रवार, दिनांक 13 फरवरी ,2026

न्यूज गैलरी

निजीकरण के विरोध में इंजीनियरों का धरना, सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

भोपाल। इलेक्ट्रिसिटी अमेंडमेंट बिल-2025 व नेशनल इलेक्ट्रिसिटी पॉलिसी-2026 वापस लेने की मांग को लेकर ऑल भारतीय पावर इंजीनियर्स फेडरेशन के आह्वान पर मध्य प्रदेश विद्युत मंडल अभियंता संघ ने गुरुवार को धरना दिया। महासचिव विवेक कुमार कुशवा ने बताया कि विभिन्न प्रदेशों वितरण, उत्पादन व ट्रांसमिशन कंपनियों में चल रही निजीकरण प्रक्रिया समाप्त करने की मांग को लेकर किया गया। संघ ने बिल और पॉलिसी निरस्त करने, ट्रांसमिशन निजीकरण रोकने तथा सब्सिडी तथा विद्युत गृह की नई इकाई स्थापना की अनुमति देने की मांग उठाई। अध्यक्ष हितेश तिवारी ने निजीकरण को उपभोक्ताओं, किसानों व उद्योगों के हित में प्रतिकूल बताया।

शिक्षक बोले- परिवार पेंशन का स्वागत, नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता भी दे सरकार

भोपाल। मध्य प्रदेश शिक्षक संघ ने राज्य सरकार द्वारा एनपीएस के तहत नियुक्त कर्मचारियों-अधिकारियों को 10 वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर परिवार पेंशन देने के निर्णय का स्वागत किया है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष जय प्रकाश सिंह राठौर और महामंत्री राजेश गुप्ता ने इसके लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को चिट्ठी लिखी। डॉ. राठौर ने बताया कि संगठन ने समय-समय पर एनपीएस कर्मचारियों के परिजनों के हित में मांग उठाई थी। 28 जनवरी को भोपाल में आयोजित शिक्षक गुणवत्ता सम्मेलन व मुख्यमंत्री प्रोत्साहन कार्यक्रम में भी नवीन शिक्षक सत्रों को नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता और सम्मानजनक पेंशन की मांग रखी गई थी। संघ को पूरा विश्वास है कि सरकार शिक्षकों-कर्मचारियों की अन्य मांगों पर जल्द सुनवाई करेगी।

इस्तीफा देने वाले आईएफएस से वन विभाग ने मांगा स्पष्टीकरण

भोपाल। नौकरी से इस्तीफा देने वाले 2013 बैच के आईएफएस विपिन पटेल को वन विभाग ने नोटिस जारी कर 8 दिन के भीतर स्पष्टीकरण मांगा है। पटेल को अपने इस्तीफे को लेकर स्थिति स्पष्ट करने को कहा गया है, जबकि नहीं देने की स्थिति में एकतरफा कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी गई है। पटेल ने 6 फरवरी को आईएफएस एसोसिएशन के वॉट्सएप ग्रुप में इस्तीफे की कॉपी पोस्ट करते हुए नौकरी छोड़ने की जानकारी साझा की थी। इसके बाद से पटेल किसी का फोन नहीं उठा रहे हैं।

जनगणना. . . प्रशिक्षण सम्मेलन आज

भोपाल। 16 दशक बाद होने जा रही जनगणना को लेकर शुक्रवार को प्रदेशभर के प्रशासनिक अधिकारियों का राज्य स्तरीय प्रशिक्षण सम्मेलन भोपाल में होने जा रहा है। इसमें सभी जिलों के कलेक्टर, संभागायुक्त और नगर निगम आयुक्तों को बुलाया गया है। यह प्रक्रिया जनगणना-2027 के पहले चरण मकान गणना की तैयारियों पर केंद्रित होगा, जो एक मई से शुरू होगी। कार्यक्रम में रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया भी मौजूद रहेंगे।

बकाएदारों की संपत्ति सील, 10 और पर कुर्की की कार्रवाई

भोपाल। भोपाल नगर निगम ने संपत्तिकर नहीं चुकाने वाले बड़े बकायादारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है।

विमोचन | दत्तोपंत ठेंगड़ी शोध संस्थान के रिसर्च फेलोशिप के पोस्टर और वेबसाइट का हुआ विमोचन

शोध मात्र अकादमिक गतिविधि नहीं, यह समाज-राष्ट्र की दिशा बदलने वाली शक्ति

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मेपकास्ट में राष्ट्रीय शोधार्थी समागम

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि शोध अकादमिक गतिविधि मात्र नहीं, यह समाज और राष्ट्र की दिशा बदलने वाली शक्ति है। कोई भी शोध उत्तम तभी कोटि का होना चाहिए जो हम सबकी सोच को एक नई दृष्टि, नई दिशा दे पे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी शोधार्थियों से आह्वान किया कि वे देश के विकास के लिए अपनी जिज्ञासा और रुचि के अनुसंधान क्षेत्रों में निर्भीक होकर आगे बढ़ें।

जैसे आवश्यकता आविष्कार की जननी है, वैसे ही शोध विज्ञान और सभी वैज्ञानिक खोजों का जनक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरुवार को मप्र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (मेपकास्ट) के विज्ञान भवन में दत्तोपंत ठेंगड़ी शोध संस्थान द्वारा आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय शोधार्थी समागम (नेशनल रिसर्चर्स मीट) 2026 को संबोधित कर रहे थे। एकदिवसीय सत्र में मेपकास्ट के सीनियर सा. अंतिका कोलारी, सांस्कृतिक जागरूकता राष्ट्रीय पत्रकारिता डिग्री के कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी सहित शिक्षक एवं शोधार्थी विद्यार्थी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शोधार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे परम्परागत धारणाओं तक सीमित न रहें, बल्कि नवीन विचारों और वैज्ञानिक दृष्टि के साथ ऐसे शोध प्रस्तुत करें, जो समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकें।

पाण्डेय ने शोधार्थियों को दिया मार्गदर्शन

उच्च शिक्षा एवं आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि यह आयोजन राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में भारत केंद्रित परंपरा, संस्कृति और विरासत के शोध को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। भारत केंद्रित शोध और शिक्षा के माध्यम से हम पुनः विश्व गुरु बनेंगे। स्वागत उद्बोधन राष्ट्रीय शोधार्थी समागम की संयोजिका डॉ. अरुणा त्रिवेदी ने दिया। विषय प्रवर्तन डॉ. मुकेश कुमार मिश्रा ने किया।

हमें समग्र रूप से सभी दिशाओं में सोचते हुए करना है शोध आचार्यश्री

विश्वगुरु भारत के संकल्प को साकार करने के लिए हमें शोध को समग्र रूप से सभी दिशाओं में सोचते हुए करना है। वर्तमान में जहां विज्ञान के क्षेत्र में बड़े शोध हो रहे हैं, वहीं हमारे पास महाकाव्य हैं। शोधार्थी को केवल अकादमिक बनाने से शुरू नहीं होगा बल्कि इसे

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर फाल्गुण कृष्ण पक्ष 11- 2082 सीहोर, दिन गुरूवार, दिनांक 13 फरवरी 2026

न्यूज गैलरी

भोपाल नाके से सेंट्रल स्कूल तक सड़क का किया निरीक्षण

सीहोर। नगर पालिका अध्यक्ष जिस राठौर ने गुरूवार को भोपाल नाके से सेंट्रल स्कूल तक बन रही आरसीसी सड़क का निरीक्षण किया। उनके साथ नगर पालिका की इंजीनियर प्राची गुप्ता और पार्षद भी मौजूद रहे। यह सड़क अमृतकल्प योजना के तहत 29 लाख रूपए की लागत से बनाई जा रही है। निरीक्षण के दौरान नगराध्यक्ष राठौर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह समय सीमा में और गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। निरीक्षण के बाद राठौर ने वार्ड के लोगों से मुलाकात की। मोहल्ले में स्वच्छता वाहन के साथ भ्रमण किया। स्वच्छताकर्मी से अपील की कि वे घरों से निकलने वाला कचरा डस्टबीन में रखें और कचरा वाहन में ही डालें। इस दौरान पार्षद प्रतिनिधि दिनेश गुरुवाला, आशीष गंगवाल, मनीलाल मालवीय और शेजवाली मौजूद रहे।

दिव्यांगों को बस किराए में 50 प्रतिशत छूट

सीहोर। राज्य शासन ने प्रदेश की सभी प्रकार बस सेवाओं में दिव्यांग यात्रियों को 50 प्रतिशत छूट देने के निर्देश दिए हैं। दिव्यांग व्यक्ति को यूडीआईडी कार्ड दिखाने पर यह छूट मिल जाएगी। परिवहन आयुक्त द्वारा प्रदेश के सभी क्षेत्रीय, अतिरिक्त क्षेत्रीय एवं जिला परिवहन अधिकारी को निर्देश दिए गए हैं।

जन्म-मृत्यु प्रमाण का लॉगिन कर बना सकेंगे

सीहोर। कई फेक पोर्टल या वेबसाइट के माध्यम से जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किए जा रहे हैं, जिसके कारण जनसाधारण भ्रमित हो रहे हैं। जो कि वैधानिक नहीं है। नकल जिलाधीश कार्यालय, सतेंद्रराठौर, सावधान: अब लॉगिन कर वैधानिक जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र बनवा सकते हैं। जन्म किसी माध्यम से बनवाया गया प्रमाण पत्र नकली प्रमाण पत्र है।

लोगों को सुशासन देने के लिए अनेक सुविधाएं

सीहोर। लोगों को सुशासन देने राज्य सरकार अनेक सुविधाएं दे रही है। इन सुविधाओं के माध्यम से लोगों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करने के प्रयास किए जा रहे हैं। इन सेवाओं में सीएम हेल्पलाइन, महिला हेल्पलाइन, सीएम जागृतिया और विभागीय हेल्पलाइन प्रमुख हैं। सीएम हेल्पलाइन 181 संचालित की है।

ठेकेदार को सवा लाख हर्जाना भरने का आदेश

सीहोर। भोपाल नाका निवासी विश्वनाथ शर्मा ने मकान का निर्माण तकनिक एसोसिएट इंजीनियर आर्किटेक्ट एंड बिल्डर से कराया था। इसके लिए ठेकेदार से एग्रीमेंट किया था। ठेकेदार ने काम उस समय पर पूरा नहीं किया साथ ही कई खामियां रहीं। इस पर विश्वनाथ शर्मा ने जिला उपभोक्ता फोरम में शिकायत की। फोरम ने ठेकेदार को एक लाख रुपए घटिया निर्माण के लिए, 10 माह की देरी पर 20 हजार रुपए और मानसिक परेशानी के लिए 5 हजार रुपए देने का आदेश दिया। साथ ही 9 प्रतिशत वार्षिक ब्याज भी देना होगा। यह फैसला फोरम के अध्यक्ष योगेश दत्त शुक्ला, सदस्य सोमेंद्र सक्सेना और सदस्य पूजा खनूजा ने सुनाया।

रूद्राक्ष

धाम के समीप ही बना हेलीपैड, वीवीआईपी आने पर हाईवे पर नहीं होगी अव्यवस्था

महोत्सव से दो दिन पहले ही श्रद्धालुओं ने डाला डेरा, पं. धीरेंद्र शास्त्री होंगे शामिल

डीआर संवाददाता»श्यामपुर

विठ्ठलेश सेवा समिति के तत्वावधान में मंगेश प्रदीप मिश्रा की रामकथा में 14 से 20 फरवरी तक आयोजित होने वाले भव्य स्वप्न महोत्सव और शिव महापुराण कथा के लिए कुबेरेश्वर धाम में आस्था का समंदर उमड़ पड़ा है। महोत्सव की शुरुआत से दो दिन पहले ही देश के कोने-कोने से आए करीब एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने धाम पर बनाए गए विशाल डोम और पंडालों में अपना डेरा जमा लिया है। प्रशासन का अनुमान है कि सात दिनों के इस आयोजन में 10 लाख से ज्यादा श्रद्धालु सीहोर पहुंचेंगे।

बता दें इस वर्ष का महोत्सव बेहद खास होने वाला है। धाम के प्रवक्ता मनीष दीक्षित के अनुसार 17 फरवरी को आयोजित धाम के महान पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री कुबेरेश्वर धाम पहुंचेंगे। उनके कार्यक्रम को लेकर भक्तों में जबरदस्त उत्साह है। इसके साथ ही देश के कई अन्य बड़े संत, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय मंत्रियों के भी शामिल होने की संभावना है। वीवीआईपी गुजरेंट्स को देखते हुए धाम के समीप ही हेलीपैड तैयार किया गया है, ताकि इंदौर-भोपाल हाईवे पर यातायात बाधित न हो।

सवारी उतारने के लिए स्थान चिन्हित

10 लाख लोगों की भीड़ को संभालने के लिए पैदल और पुलिस प्रशासन ने अलग कमर कस ली है। इंदौर-भोपाल हाईवे को डायवर्ट किया गया है और सुरक्षा के लिए भी हजार से अधिक पुलिस जवान तैनात किए गए हैं। हाईवे के दोनों ओर 8 से 10 एकड़ के दो बड़े स्टैंड बनाए गए हैं। नकला रहौद फूलगंगा जोड़ और दूदला मुड़लेल जोड़ पर किया है। सभी बस, ऑटो और कैब चालकों को वहीं सवारी उतारने और गर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं।

पेयजल, शौचालय और स्वास्थ्य

थाने-थाने पर पुलिस तैनात श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए

सुविधाओं से लिए समिति और प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किए हैं। जगह-जगह पर तैनात पुलिस बल को श्रद्धालुओं के साथ सहयोग करने और महिलाओं व बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन ने आमजनों से अपील की है कि जाम और असुविधा से बचने के लिए श्रद्धालु अपने वाहन निर्धारित पार्किंग स्थलों में ही खड़े करें और सुरक्षा व्यवस्था में तैनात पुलिसकर्मियों का सहयोग करें।

हाईवे पर पार्किंग की तो खैर नहीं

अनुसार निजी वाहनों के लिए 10 अलग-अलग पार्किंग स्थल बनाए गए हैं। वहां लाउडस्पीकर के जरिए श्रद्धालुओं को दिशा-निर्देश दिए जाएंगे। पुलिस प्रशासन ने साफ कर दिया है कि मुख्य हाईवे पर वाहन खड़ा करना पूरी तरह प्रतिबंधित है। यदि कोई वाहन सड़क किनारे खड़ा पाया गया तो उसे क्रेन से उठवाकर जब्त किया जाएगा। हाईवे की इमरजेंसी सेवाओं और श्रद्धालुओं की निर्बाध आवाजाही के लिए नो पार्किंग जोन घोषित किया गया है।

रास्ता देते समय ट्रैक्टर का पहिया सड़क से नीचे उतरा, ट्रॉली पलटी, 22 घायल

डीआर संवाददाता»सलकनपुर

नकटीतलाई-दीपासेड़ा मुख्य मार्ग पर गुरुवार को एक ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर गई और पलट गई। हादसे में ट्रॉली में सवार 30 से 35 लोगों में से 22 लोग घायल हो गए। इनमें 12 महिलाएं और 10 बच्चे शामिल हैं। हादसे के बाद अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही सलकनपुर पुलिस मौके पर पहुंची। 108 एंबुलेंस से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद 9 घायलों को रेफर कर दिया। समाचार लिखे जाने तक सभी की हालत सामान्य बताई गई। जानकारी के अनुसार, होरवाखेड़ी (मावड़ी) गांव से शादी समारोह में शामिल होकर लौट रहे नकटीतलाई-ट्रॉली से वापस जा रहे थे। जब वाहन देवीधाम सलकनपुर के पास नकटीतलाई घेवड़ासा के समीप पहुंचा, तभी सामने से आ रही कार को क्रॉस करने के दौरान ट्रैक्टर का एक पहिया सड़क से नीचे उतर गया। संतुलन बिगड़ते ही ट्रॉली पलट गई। लोग नीचे गिरकर घायल हो गए।

सड़क निर्माण से रास्ता संकरा, निकलने की जगह नहीं

हादसा उस स्थान पर हुआ जहां सड़क निर्माण चल रहा है। एक पट्टी बालू है, जिससे मार्ग संकरा हो गया है। निकलने की जगह नहीं है। सामने से आ रही कार को रास्ता देने के दौरान पहिया नीचे उतर गया और ट्रॉली पलट गई। ट्रॉली बाईं ओर एक पहिए पर टिक गई, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

न जागरूकता कार्यक्रम हुए, न संस्थागत प्रसव, टीकाकरण भी रुका

डीआर संवाददाता»सीहोर

केंद्र सरकार की श्रम संहिताओं के विरोध में गुरुवार को आशा-उषा कार्यकर्ताओं और आशा फैसिलेटर एक दिन की हड़ताल पर रहीं। यह हड़ताल केंद्रीय श्रमिक संगठनों और औद्योगिक फेडरेशनों के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर की गई। जिले में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत काम कर रही लगभग 800 कार्यकर्ता हड़ताल पर रहीं। इस हड़ताल की वजह से जिले में जननी सुरक्षा योजना, पोषण पखवाड़ा और सामाजिक सुरक्षा देने की मांग थी।

हड़ताल से गर्भ मृत्यु और शिशु मृत्यु रोकने का काम प्रभावित हुआ। संस्थागत प्रसव, परिवार नियोजन और टीकाकरण नहीं हो सका। बीमारियों की रोकथाम और स्वास्थ्य जागरूकता के कार्यक्रम भी बंद रहे। आशा कार्यकर्ताओं ने कहा कई जिलों में तीन महीने से वेतन का भुगतान नहीं हुआ। प्रोत्साहन राशि भी नहीं दी जा रही है। वे नियमित कॉल्स में काम करती हैं। राष्ट्रीय श्रम सम्मेलन में इन्हें श्रमिक का दर्जा देने का निर्णय हुआ था, लेकिन उन्हें उस अधिकार नहीं मिले।

एसआई पर पद के दुरुपयोग, मारपीट व धमकी का आरोप, फरियादी घायल

डीआर संवाददाता»आष्टा

नगर पंचायतआष्टा में तदर्थ पदोन्नत उपनिरीक्षक मनमोहन परमार पर पद का दुरुपयोग कर फरियादी से मारपीट और धमकी देने का आरोप लगा है। फरियादी अशोक कुमार पीता निवासी भाजपाखेड़ा ने थाना आष्टा में लिखित शिकायत दी है। घायल अशोक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

अशोक ने बताया कि उसने गांव से रेमंड की ढाई लाख रुपए उधार लिए थे। बदले में लोगों ने चैक और इंडिया बीडी शाखा का चैक दिया। चैक बैंक में जमा करने पर बाउंस हो गया। इसके बाद अशोक ने कमलनाथ लखन परमार को वैधानिक नोटिस भेजा। आरोप है कि नोटिस वापस लेने का दबाव बनाने के लिए एसआई मनमोहन परमार 11 फरवरी की शाम करीब 5 बजे पुलिस स्टेशन पहुंचा। यहां मारपीट किया और सार्वजनिक जगह पर गाली-गलौज की। मारपीट की। अशोक के मुताबिक आरोपी द्वारा लोहे धमकाने का उपयोग किया गया। हमले में फरियादी के हाथ में गंभीर चोटें आईं। घायल को आष्टा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर जांच शुरू की है।

आरोपी बिना वर्दी था, मारने की धमकी दी

शिकायत में कहा गया है कि आरोपी बिना वर्दी था। उसने अपने पद का कर विशेषकर केस वापस नहीं लेने पर जान से मारने की धमकी दी। घटना के समय मौजूदा पिता रमेश सहित अन्य लोग भी मौजूद थे। ये सभी रंग की कार से आए थे। मारपीट में अशोक को चोटें आईं। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर जांच शुरू की है।

एक्सीलेंस स्कूल से मंडी ओवरब्रिज तक बनेगा 45 फीट चौड़ा पुल 21 दिन में मुख्य लाइन शिफ्ट होगी 3 दिन जल सप्लाई रहेगी प्रभावित

डीआर संवाददाता»सीहोर

एक्सीलेंस स्कूल से मंडी ओवरब्रिज तक की सड़क चौड़ी की जा रही है। इसके लिए नगर पालिका ने गुरुवार को पानी की मुख्य लाइन शिफ्ट करने का काम शुरू कर दिया है। जो तीन सप्ताह चलेगा।

नगर के महापौर मंगी विजय कोरी ने बताया कि कांशिराम कॉलोनी से आने वाली मेन पाइप लाइन को पास में शिफ्ट किया जाएगा। इसके लिए पहले स्ट्रक्चर तैयार किया जा रहा है। स्ट्रक्चर बनने के बाद पाइप लाइन को दूसरी जगह शिफ्ट किया जाएगा। इस दौरान दो से तीन दिन पानी की सप्लाई प्रभावित रहेगी। इस लाइन से शहर के करीब 40 फीसदी हिस्से में पानी पहुंचता है।

दोनों पुल पर 5 करोड़ 87 लाख रुपए होंगे खर्च

लुनिया चौराहा तक सड़क चौड़ी की जाएगी। इस मार्ग पर बनने पुल और मूसा बाबा का पुल आते हैं। दोनों पुलों को तोड़कर नए पुल बनाए जाएंगे। इन पर 5 करोड़ 87 लाख रुपए खर्च होंगे। दोनों पुलों की चौड़ाई 5 मीटर से बढ़कर 15 मीटर की कर दी है। पानी अब पुल करीब 45 फीट चौड़े होंगे। दोनों तरफ डेढ़-डेढ़ मीटर के फुटपाथ भी बनाए जाएंगे। इससे पैदल चलने वालों को सुविधा मिलेगी। बिग कारपोरेशन के अधिकारियों के अनुसार दोनों पुल इसी साल तैयार हो जाएंगे। पूरा काम निर्माण कार्य पूरा करने का लक्ष्य है।

कायाकल्प योजनांतर्गत 29 लाख से डामरीकरण का निर्माण

डीआर संवाददाता»सीहोर

शहर को स्मार्ट सिटी की तर्ज पर विकसित किया जा रहा है, हर वार्ड में कुछ न कुछ समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है। वहीं गुरुवार को नगर पालिका अध्यक्ष जिस राठौर, नगर पालिका की इंजीनियर प्राची गुप्ता सहित पार्षदों ने वार्ड 15 में भोपाल नाके से पास सीबीडी कालोज से सेंट्रल स्कूल तक कायाकल्प योजनांतर्गत डामरीकरण सड़क का निरीक्षण किया और वार्ड में गुणवत्ता के साथ समयसीमा में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए।

नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर के साथ पार्षद प्रतिनिधि विनोद कुशवाहा, आशीष गंगवाल, मनीलाल मालवीय सहित अन्य मौजूद थे। वहीं नगराध्यक्ष श्री राठौर ने वार्ड के लोगों से भेंट की। शहर को साफ-सुथरा रखने के लिए नगर पालिका द्वारा शुरू की गई स्वच्छता प्रणाली के अमल में लाने के बाद वहां लोगों को गंदगी से राहत मिली है। नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर और सीएमओ सहित अन्य नियमित रूप से सुबह से ही शहर के निरीक्षण करते हैं। मोहल्ले में इस स्वच्छता वाहन के साथ भ्रमण कर सभी रहवासियों से आग्रह किया कि वे अपने घरों से निकलने वाले कचरे को डस्टबीन में एकत्रित कर कचरा वाहन में ही डालें। ताकि नालियां एवं सड़कों पर कचरा न फेंके। वहीं उनके सुझाव पर मौके पर ही छोटी-मोटी समस्याओं का निराकरण भी किया जा रहा है।

मजदूरों किसानों के हित में नीतियां बनाए केंद्र सरकार: बैरागी

श्रमिक कानूनों को खत्म कर श्रम संहिता पूंजीपतियों के पक्ष में लाने का विरोध

डीआर संवाददाता»सीहोर

मजदूर किसान विरोधी नीतियों का बाल विशाल मैदान पर संयुक्त किसान मजदूर मोर्चा के द्वारा विरोध दर्ज कराया गया। अखिल भारतीय किसान सभा श्रमिक हित में राष्ट्रीय आह्वान पर संयुक्त किसान मोर्चा संयोजक प्रहलाद दास बैरागी के नेतृत्व में मजदूरों के द्वारा प्रदर्शन किया गया। मजदूरों को मोर्चा के दिनेश मालवीय और सफीक अंसूल ने संबोधित करते हुए मजदूरों किसानों के लिए हानीकारक उत्पादक समिती द्वारा अमेरिकी कृषि उत्पादों को भारतीय बाजारों में उतारने के व्यापार समझौते को नारेबाजी कर और निंदा की गई। संयुक्त किसान मोर्चा संयोजक प्रहलाद दास बैरागी ने कहा कि कृषि मंत्री के गृह जिले में सरकार मंडियां बंद हो चुकी है मंडियों को अतिक्रम का सही दाम नहीं मिल रहा है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के गृह जिले में किसान और मजदूर हैरान परेशान बने हुए है। अमेरिका के साथ व्यापार समझौता भारतीय किसानों को तबाह कर देगा और अमेरिकी कृषि उत्पादों से भारतीय बाजार भर दिया जाएगा। गेहूंचावल, मक्का, कपास और सेब हेडीग्रान्ट, उत्पाद सस्ते ज्यादा प्रभावित होंगे। करोड़ो किसानों की आजीविका पर संकट बना हुआ है। बैरागी ने कहा कि श्रमिक कानूनों को खत्म कर श्रम संहिता पूंजीपतियों के पक्ष में बेलर आने से लाखों श्रमिकों का शोषण होगा। अमेरिकी वस्तुओं पर शून्य शुल्क की अनुमति देकर केंद्र सरकार द्वारा किसानों मजदूरों के साथ विश्वासघात किया गया है। भारतीय प्रधानमंत्री द्वारा भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ तोड़ने के लिए आत्मनिर्भर करना आयात शर्मनाक है। प्रदर्शन में सोनू मालवीय, नरेश राठौर, विक्रम जावरवाल, अकरम खान, फरहान खान, मुकेश मालवीय, मुकेश मालवीय, मुकेश मालवीय

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर फाल्गुण कृष्ण पक्ष 11- 2082 सीहोर, दिन शुक्रवार, दिनांक 13 फरवरी 2026

न्यूज गैलरी

स्कॉर्पियो की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

बिलकिसगंज। गुरुवार दोपहर करीब 2 बजे बाई बाले के बीच केरवा रोड स्थित गुलमर्गर मोहल्ले के पास भीषण सड़क हादसा हुआ। हादसे में बिलकिसगंज निवासी 25 वर्षीय संदीप गोस्वामी की मौत हो गई। शनिवार पुलिस के अनुसार संदीप की बाइक को स्कॉर्पियो ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि संदीप ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर 108 एंबुलेंस पहुंची। उसे भोपाल के 1250 अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। शाजापुर थाने में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है।

लायंस क्लब मैरूंदा की नई कार्यकारिणी घोषित

मैरूंदा। लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 जी-2 के अंतर्गत नवगठित लायंस क्लब मैरूंदा की कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। रोकड़ बनी को क्लब, प्रांत सहायक को संचिव और मुख्य भोजनालय को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। यह कार्यकारिणी सत्र 2026-26-27 के दौरान ही गतिविधियों का संचालन करेगी। क्लब का स्थापना और शपथ ग्रहण समारोह आज शाम 6 बजे से 8 बजे तक नागोरी शिव मंदिर (इंटरनेशनल वेयूनी) सीहोर रोड, मैरूंदा में होगा। समारोह में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लायन मनीष बाफिल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

दिव्यांगों को बस किराए में 50 प्रतिशत छूट

सीहोर। राज्य शासन ने प्रदेश की सभी शासन एवं संस्थाओं में दिव्यांग व्यक्तियों को 50 प्रतिशत छूट देने के निर्देश दिये हैं। दिव्यांग व्यक्ति को यूडीआईडी कार्ड दिखाने पर यह छूट मिल जायेगी। प्रशिक्षण अनुभाग द्वारा प्रदेश के सभी क्षेत्रीय, आंचलिक सेवीय एवं जिला परिवहन अधिकारी को निर्देश दिये गये हैं। दिव्यांग व्यक्ति को दिव्यांगजन सक्षम प्रमाणपत्र के प्रमाण-पत्र के रूप में केन्द्र या राज्य शासन द्वारा जारी यूनीक डिसेबिलिटी आईडी कार्ड प्रस्तुत करने पर किराये में 50 प्रतिशत छूट का लाभ दें। केन्द्रीय दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा यूनिक आईडी फॉर पर्सन विद डिसेबिलिटी (यूडीआईडी) प्रोजेक्ट चलाया जा रहा है। इसमें दिव्यांगों को यूडीआईडी कार्ड दिये जा रहे हैं। कार्ड के माध्यम से दिव्यांग लोग एवं राज्य शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं। यूडीआईडी कार्ड निर्माण में मध्यप्रदेश देश में पहले स्थान पर है।

19 फरवरी को सीहोर में लगेगा युवा रोजगार व अप्रेंटिसशिप मेला

सीहोर। युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला मुख्यालय सीहोर में युवा रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया जाएगा। यह मेला डॉ. अंबेडकर शासकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) परिसर में प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित होगा। मेले में रोजगार विभाग द्वारा स्थानीय, प्रदेश एवं अन्य राज्यों की कंपनियों को आमंत्रित किया गया है, जो युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करेंगी। जिला नियोजन एवं प्रशिक्षण केंद्र के माध्यम से स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी दी जाएगी तथा नवीन प्रशिक्षण भी चाहिए किए जाएंगे। आईटीआई विभाग द्वारा अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन कर योग्य युवाओं का चयन किया जाएगा। स्थायु समस्त कार्यक्रम क्रमांक युवा के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है।

निरीक्षण बोर्ड परीक्षाओं के बीच आधी रात तक गूंज रहे डीजे, जिम्मेदार अफसर कब देंगे इस ओर ध्यान...

सीहोर में प्रशासन-पुलिस की व्यस्तता के बीच अंचल में विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित

10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों का कहना है कि परीक्षा की तैयारी के लिए शांत वातावरण आवश्यक है, लेकिन तेज ध्वनि के कारण न तो ठीक से पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित हो पा रहा है। कई विद्यार्थियों ने बताया कि रात 12 बजे तक डीजे बजने से सुबह की परीक्षा में थकान और उनींदापन बना रहता है। अभिभावकों ने भी इस स्थिति पर नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि परीक्षा अवधि को देखते हुए प्रशासनी कदम नहीं उठाए गए तो इसका असर सीधे परीक्षा परिणामों पर पड़ सकता है।

डीआर संवाददाता»सीहोर

नगर में अवैध खनिज उत्खनन और परिवहन पर शिकंजा कसने के लिए पिछले 48 घंटों से प्रशासन की संयुक्त कार्यवाई लगातार जारी है। खनिज, राजस्व और पुलिस विभाग की टीमों ने बुदनी, रेहटी और इछावर क्षेत्र में वाहिश मैकेनिक पोकलेन, जेसीबी और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों सहित कई वाहनों को जब्त किया है।

नर्मदा से खनन करते पकड़ी मशीन रू

संयुक्त दल ने बुदनी और रेहटी क्षेत्र में नर्मदा नदी से अवैध रेत उत्खनन करते हुए एक पोकलेन मशीन और तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त की। इन वाहनों को कार्रवाई के बाद रेहटी थाने की अभिरक्षा में रखा गया है। इसी कार्रवाई के दौरान रेत का अवैध परिवहन करते हुए चार ट्रैक्टर-ट्रॉलियां जब्त की गईं। इन्हें इछावर थाने को सुपुर्द किया गया है। कार्रवाई यहीं नहीं रुकी। बुदनी क्षेत्र में टीम ने फिर से बुदनी और रेहटी क्षेत्र में ग्रामवार कार्रवाई की इस दौरान नर्मदा नदी से रेत निकालते हुए एक और पोकलेन मशीन तथा एक जेसीबी मशीन पकड़ी गई। दोनों मशीनों को सागरगंज थाने की अभिरक्षा में रखा गया है।

ऊपर और एक अन्य ट्रॉली जब्त कर इसके अलावा रेत का अवैध परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर-ट्रॉली इछावर थाने में जमा कराई गई, जबकि मुख्य खनिज का अवैध परिवहन करते एक ट्रक को रेहटी थाने में जब्त किया गया है। खनिज अधिकारी मनीष चौहान ने बताया कि जब्त किए गए सभी वाहनों पर खनिज नियमों और कानूनों के तहत प्रकरण दर्ज कर लिए गए हैं।

राजस्व और पुलिस की कार्रवाई, 48 घंटे में पोकलेन-जेसीबी समेत कई वाहन जब्त

दिव्यांगों के लिए कल्याणकारी नीतियां बनाने की मांग

हकीम अजमल जयंती पर चिकित्सकों का सम्मान

डीआर संवाददाता»आष्टा

दिव्यांगजन स्वावलंबन व कल्याण समिति ने सर्वसेवा संस्थान सीमरी इमाम अजमल खान की जयंती पर सम्मान समारोह किया। कार्यक्रम में मुख्यतः चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े डॉक्टरों को सम्मानित किया गया। इनमें डॉक्टर सुलेमान खान, जीशान खान, रिजवान खान, साजिद अली, सोहेल अली, रशीद अली, जुनैद कुरैशी, सलीम अंसारी, साहबजाद खान, अल्ताफ खान, सलमान खान, अख्तर अंसारी, सलमीन फातिमा, आसिफ सद्दीन, साकिब और अब्दुल्ला शामिल रहे। समारोह में प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद शाहिद खान मौजूद रहे।

दिव्यांगों के लिए कल्याणकारी

डीआर संवाददाता»योसा

क्षेत्र की ग्राम कोतवाली-के हालिया पीड़ में श्रीमद्भागवत कथा का रथ सजाया गया। इस अवसर पर सुसज्जित कथावाचक श्री देवेश जी भागवत अपनी मधुर वाणी से कथा का स्वरूप बता रहे हैं, जबकि कलाकार का सफल संचालन और विधि-विधान अत्यंत प्रशंसा जी बनी हुई संपन्न कराया।

धार्मिक वातावरण में सिर पर मंगल कलश धारण कर शोभायात्रा हुई, जिसमें पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इस आध्यात्मिक महोत्सव में सुसज्जित कथावाचक श्री देवेश जी भागवत अपनी मधुर वाणी से कथा का स्वरूप बता रहे हैं, जबकि कलाकार का सफल संचालन और विधि-विधान अत्यंत प्रशंसा जी बनी हुई संपन्न कराया।

बरखेड़ा हसन में आज होगा कथा का समापन

डीआर संवाददाता»बरखेड़ा हसन

क्षेत्र के बरखेड़ा हसन में चल रही राम रिसर्चीय समिति में श्री राम कथा का आज समापन किया जाएगा इस दौरान श्रद्धालुओं के बीच उपस्थित श्रद्धालुओं में भक्तिमय का विस्तृत किया जाएगा साथ ही समापन के अवसर पर कथा वाचक श्री सत्यी रामिया नारायणदास जी द्वारा श्री सम्मेलनमंडल के विभिन्न प्रसंगों का सुंदर शैली से उपस्थित श्रद्धालुओं के समक्ष विवरण किया

पं. उपाध्याय को भाजपाइयों ने श्रद्धांजलि दी

डीआर संवाददाता»जावर

राष्ट्र उत्थान के लिए जीवन समर्पित करने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि भाजपा मंडल ने श्रद्धा से मनाई। वक्ताओं ने कहा, पंडित उपाध्याय ने राजनीति को सेवा, संगठन और राष्ट्रवाद की दिशा दी। उनका अंत्योदय का विचार आज केंद्र और राज्य सरकारों की नीतियों का आधार है। भाजपा उन्हीं के विचारों पर चलकर राष्ट्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

मंडल अध्यक्ष विजेंद्र सिंह ठाकुर भी ने कहा, कार्यकर्ताओं का दायित्व रहा है कि पंडित जी की विचारधारा ग्राम को बूथ स्तर तक पहुंचाए। वन संगठन को जमीनी स्तर पर का मजबूत बनाएं। कार्यक्रम में कल्याण सिंह ठाकुर, शाल सिंह मंडी उदय सिंह ठाकुर, गि जिला सह-कोषाध्यक्ष शिवम चौहान सोनी, नगर पंचिषद अध्यक्ष डा प्रतिनिधि मनोज वैद, महामंत्री भान राजा ठाकुर, पार्षद मदन रा विश्वकर्मा, राजेंद्र सेंधव, राजू भावसार, सोलंकी, राजू भावसार, तेज सिंह ढा भाटी, सूरज सिंह पटेल, शान भू सिंह ठाकुर, हेमंत गोयल सहित रखा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद आ रहे।

क्रीड़ा स्पर्धा के विजेताओं को सम्मानित किया, समापन आज

डीआर संवाददाता»सीहोर

राष्ट्रीय नागरिक सारूर एवं पुरुषार्थ उत्सव में 11 से 13 फरवरी तक क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों के साथ स्टाफ ने भी भाग लिया। आयोजन का उद्देश्य खेल भावना को बढ़ावा देना और जीवन में अनुशासन लाना रहा। प्रतियोगिता में अलग खेल शामिल किए गए। इनमें वॉलीबॉल, क्रिकेट, चेयर रेस, बैडमिंटन, शतरंज, कैरम और रनिंग रेस शामिल रहे। इस मौके पर मंच पर पुरस्कार वितरण समारोह भी हुआ। विजेताओं को सम्मानित किया गया। समारोह में स्टाफ सदस्य, संयुक्त सचिव प्रदीप ए. लिंदेवाल, दिनरंजन सामरीयालय विभाग, सामरीयालय न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार मौजूद रहे। उन्होंने विजेताओं को पुरस्कार दिए। कार्यक्रम में सामरिक सुदृढ़ता, अनुशासन, टीम भावना और व्यक्ति प्रतिभाओं का संदेश दिया गया। प्रतियोगिता का समापन शुक्रवार को न होगा।

संगठन को मजबूत और सक्रिय बनाने के लिए मनीष को वार्ड अध्यक्ष चुना

वार्ड 7 में कांग्रेस की नई कार्यकारिणी गठित, उपाध्यक्ष बने मानसिंह

डीआर संवाददाता»आष्टा।

नगर कांग्रेस के तत्वावधान में वार्ड-7 की वार्ड प्रभार समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता नगर कांग्रेस प्रभारी लोकेन्द्र बनावट ने की। बैठक में वार्ड के सक्रिय कार्यकर्ता और समाजसेवी मौजूद रहे।

संगठन को मजबूत और सक्रिय बनाने के उद्देश्य से वार्ड 7 की नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। समाजसेवी मनीष बोरवे को वार्ड 7 अध्यक्ष चुना गया। उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी मान सिंह ठाकुर और आलू गौलाना को सौंपी गई।

वार्ड -7 में वार्ड प्रभार समिति की बैठक हुई।

आशुतोष नामदेव को महामंत्री नियुक्त किया गया। सचिव पद पर अक्षय गौतम को जिम्मेदारी दी गई। सह सचिव के रूप में शेख नसीम और अतीक भाई को शामिल किया गया। सदस्य पद पर आकाश गौतम, साहब करीया, भाव पिता, इरफान मंसूर, नूर भाई और अहमद भाई मैकेनिक को चुना गया। नगर कांग्रेस प्रभारी लोकेन्द्र बनावट ने कहा कि संगठन की मजबूती वार्ड स्तर से शुरू होती है। सभी पदाधिकारियों को क्षेत्र की समस्याओं के समाधान और जनसेवा में सक्रिय रहना चाहिए।

तपोभूमि देवबड़ला में 13 फरवरी से महाशिवरात्रि मेला होगा शुरू

देवांचल धाम पर तीन दिनों तक होंगे कई कार्यक्रम

डीआर संवाददाता»जावर

मां नेवज नदी के उद्गम स्थल व पुरातात्विक धरोहर देवांचल धाम देवबड़ला बीजापुर में 13 फरवरी से तीन दिवसीय मेले का शुभारंभ होने जा रहा है जिसमें लाख सभी धर्म प्रेमी बंधु सहाएं सादर आमंत्रित है मंदिर समिति के अध्यक्ष अंकुश सिंह भनतावी ने कहा बाबा पिलकेश्वर महादेव की पूजा अर्चना कर तीन दिवसीय मेले का शुभारंभ होने जा रहा है दिनांक तीन दशक से महाशिवरात्रि पर मेले का आयोजन होता आ रहा है

जिसमें लगभग 2 लाख श्रद्धालु धर्म लाभ लेने आते हैं देवबड़ला स्थानक इंचार्ज कुंवर विजेंद्र सिंह भाटी ने बताया प्रतिदिन सुबह 8500 बाबा से अभिषेक व पूजा अर्चना होगी एवं दोपहर 12500 से 3500 तक विभिन्न महापुराण ब्रह्म पंडित राजेश शर्मा जी के भजनावलि भी होना मेला समिति द्वारा जनगण तैयारियां पूर्ण हो चुकी है। जिसमें सुलभ शौचालय, बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं से क्षेत्र को रखने वाली अंतिम आज भी वंचित है हालांकि चार वर्षों की लंबी मशक्कत के बाद यहां पर पक्की सड़क का निर्माण हुआ है इतने लंबे समय के बाद पहली बार महाशिवरात्रि मेले में श्रद्धालु पक्की सड़क से पालकर मेले में पहुंचेंगे। हालांकि शुलभशौचालय के लिए पूर्व सांसद स्वर्गीय मनोहर कंपोलिया द्वारा 15 लाख की राशि ग्राम पंचायत बिलवाण के खाते में 4 साल पहले ही दी जा चुकी है लेकिन ग्राम पंचायत द्वारा अभी तक यह कार्य पूर्ण नहीं हुआ है इसका ही शिवरात्रि मेले एवं तीज त्यौहार व अवसरों पर श्रद्धालुओं को सुलभशौचालय बिजली पानी जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

मनमानी, दोपहर 4 बजे ही शासकीय स्कूल बंद

डीआर संवाददाता»खामखेड़ा

ग्रामीण स्कूलों में शिक्षकों की मनमानी थमने का नाम नहीं ले रही। आष्टा विकासखंड के शासकीय स्कूलों में लापरवाही का माहौल है। पीपलाखेड़ी गांव के शासकीय माध्यमिक शाला में शिक्षक रोजाना 4 बजे स्कूल बंद कर चले जाते हैं। स्कूल में ताला लगाकर बच्चों की छुट्टी कर दी जाती है। यह सिलसिला कई दिनों से चल रहा है।

शुक्रवार को भी स्कूल 4 बजे ही बंद हो गया। गांव के ही अभिभावक ने से बताया कि स्कूल हर दिन समय से पहले बंद हो जाता है। जब स्कूल बंद रूप होने का वीडियो बनाया जा रहा था, तभी एक शिक्षिका जो बस का न इंतजार कर रही थी, वापस लौट आई। उन्होंने कहा कि अभी गए नहीं हैं, लेकिन तब तक सभी शिक्षक स्कूल छोड़ चुके थे। आष्टा विकासखंड शिक्षा अधिकारी सलोनी शर्मा ने कहा कि शिक्षकों को चेतावनी दी गई है। दोबारा शिकायत मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

डीआर विदिशा

गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज, लटेरी, नटेरन, शमशाबाद, ग्यारसपुर, गुलाबगंज, पठारी, सेउ फाल्गुण कृष्ण पक्षे 11, 2082 विदिशा, दिन शुक्रवार ,दिनांक 13 फरवरी 2026

न्यूज गैलरी

बहवाला घाट पर आज होगी महाआरती

विदिशा। वैश्विक गंगा मंगल आरती सेवा समिति के तत्वावधान में विगत 17 वर्षों से निरंतर गंगा आरती के माध्यम से मां वैतरणी गंगा को स्वच्छ, सुंदर और सशक्त बनाए रखने के लिए जनजागरण किया जा रहा है। नियत आरती के 5031 दिन पूर्ण होने तथा प्रत्येक 50 दिन में आयोजित होने वाली महागंगा आरती श्रृंखला में आज शुक्रवार शाम 6 बजे गोपुरित सेतु में बहवाला घाट पर 121वीं महागंगा आरती होगी। समिति संयोजक पंडित गणेश भट्टाचार्य ने बताया कि नगर की गंदगी और जल प्रदूषण की कमी के कारण नदी प्रतिवर्ष नवंबर से जून तक प्रदूषित हो जाती है, जिसके निराकरण हेतु समिति निरंतर प्रयासरत है। संरक्षक लक्ष्मीनारायण दंडोतिया ने धर्मप्रेमी नागरिकों से सपरिवार शामिल होने का आग्रह किया है।

स्व. रघुवीर चरण शर्मा की 103वीं जयंती आज

विदिशा। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. रघुवीर चरण शर्मा की 103वीं जन्म जयंती 13 फरवरी को सुबह 10:30 बजे युगनिर्मित शहीद ज्योति सांस्कृतिक उद्यान परिसर में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी महान के तत्वावधान में मनाई जाएगी। इस अवसर पर की शर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। पुष्पांजलि के बाद बाबाजी भजन, किसी गोष्ठियां में निमंत्रितों को भोजन कराया जाएगा।

आज मनाई जाएगी स्व. ताजकार की पुण्यतिथि

विदिशा। वरिष्ठ पत्रकार एवं पूर्व जनपद जिलाध्यक्ष गजानंद सीतिसेवा नरेन्द्र ताजकार की पुण्यतिथि आज प्रेरणा दिवस के रूप में मनाई जाएगी। दोपहर 3:30 बजे पूरनपुरा गली नंबर तीन स्थित प्रतिभा विकास भवन में कार्यक्रम होगा। मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाजसेवी, साहित्यकार व पत्रकार तथा पूर्व सिविल सर्जन डॉ. सुरेश गर्ग उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर संस्थान के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। संयुक्त सचिव विजुल शर्मा ने सभी नागरिकों से कार्यक्रम में उपस्थितता की अपील की है।

डीएम कृषक प्रशिक्षण केंद्र का किया निरीक्षण

विदिशा। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने बा निरीक्षण किया। प्रबंधन ने महिलाओं, बेरोजगार युवाओं और पंजाब नेशनल बैंक कृषक प्रशिक्षण केन्द्र का प्रभार कर संचालित प्रशिक्षण एवं जनहित गतिविधियों बताया कि केन्द्र कृषकों, छात्रों को कृषि, पशुपालन, मशरूम, कर्मी कम्पोस्ट, प्राकृतिक खेती सहित विभिन्न विषयों पर नियुक्त रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण देता है। यहां नवु विविधता शिविर, महिला स्वास्थ्य, कम्प्यूटर सिलाई व नियमित व्यवसाय कार्यक्रम भी नियमित आयोजित होते हैं। कलेक्टर ने केन्द्र की व्यवस्था करते व हुए निर्देश दिए कि प्रशिक्षण की जानकारी अधिकाधिक ग्रामीणों तक पहुंचाई जाए, जिससे किसान आयवृद्धि और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ सकें।

नियमित करने की मांग पर कर्मचारियों का प्रदर्शन

विदिशा जिले के आउटसोर्स, संविदा, दैनिक वेतनभोगी और अस्थायी कर्मचारियों ने सोमवार को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन आल डिपार्टमेंट आउटसोर्स अस्थायी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के आह्वान पर हुआ। उन्होंने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। नियमित करो—न्याय दो के नारे लगाए।

डकैती से शहर के व्यापारियों में थी दहशत, रख लिए थे निजी बंदूकधारी गार्ड

अरिहंत ज्वेलर्स चोरी का मुख्य आरोपी सवा 5 किलो हत्या-रेप समेत 7 केस हैं दर्ज चांदी सहित गिरफ्तार,

कोतवाली पुलिस ने स्टीफाक रोड स्थित अरिहंत ज्वैलर्स में हुई डकैती के मामले में एक मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी जीतू पारदी उम्र 21 वर्ष को नुमा के जंगलों में घेराबंदी करके पकड़ा। उसके पास से लगभग सवा पांच किलो चांदी बरामद की गई है, जिसकी कीमत करीब 1.5 लाख रुपए बताई जा रही है। यह वारदात 3 जनवरी को हुई थी।

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

अरिहंत ज्वेलर्स से डकैती की वारदात को अंजाम देने वाला मुख्य आरोपी अब पुलिस की गिरफ्त में है। जिस तरह से बेखौफ होकर आरोपियों ने इस वारदात को अंजाम दिया था उससे शहर के सभी सराफा व्यापार में दहशत फैल हो गई थी।

डकैती के डर के कारण व्यापारियों ने निजी तौर पर अपने बंदूकधारी गार्ड रात में दुकानों के आसपास तैनात कर दिए थे। डकैती शामिल 5 आरोपियों को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर लिया था, लेकिन मुख्य आरोपी फरार होने सफल हो गया था। पुलिस को इनपुट मिला था कि आरोपी नुमा रेंजे के थाना बालेगांव क्षेत्र के ग्राम गडला गिर्द के जंगल में है। है। एसपी रोहित में

व्यापारियों ने पुलिस को दिया दो लाख का चेक

घालवानी द्वारा गठित 6 विशेष टीमों ने सूचनाओं पर काम करते हुए उसे दबोच लिया। आरोपी के कब्जे से चांदी की चायल, गल्ले, लच्छे, थाली-ट्रे, गिलास, कटोरी, चम्मच और घटना में इस्तेमाल मोटर भी जब्त किए गए हैं। आरोपी जीतू पारदी मूल रूप ग्राम गडला गिर्द का रहने वाला है। वो

वर्तमान में उक्त नुमा शहर से लगी हुई सटी मीरा बस्ती में रहता है। 3 जनवरी को अज्ञात डकैती ने स्टीफाक रोड की दुकान अरिहंत ज्वेलर्स वाले तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिए थे। पुलिस ने मामले दर्ज कर जांच शुरू की। इस के मामले में अब तक कुल 3 आरोपी गिरफ्तार

व्यापारियों ने दो लाख का चेक एसपी को सौंपा

पुलिस जांच ने सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपी जीतू पारदी शातिर अपराधी है। उसके खिलाफ हत्या, बलात्कार, चोरी, बलवा और गिरफ्तार सहित 7 आपराधिक मामले पहले से दर्ज हैं। पुलिस अब उसके अन्य साथियों के संबंध में भी पूछताछ कर रही है। पुलिस अधीक्षक रोहित काटारा ने कहा कि आरोपियों पर उचित कार्रवाई जारी रहेगी और नागरिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। इधर आरोपियों ने ठगाई मुक्त कीमत के लिए दो लाख का चेक एसपी रोहित काटारा को दिए थे जिसे चोरी की पहचान कराने में हो सके। इस दौरान व्यापार महासंघ अध्यक्ष मुन्नालाल जैन, राजीव जैन, शैलेंद्र चौधरी मौजूद रहे।

बाइक चोरी का आरोपी गिरफ्तार

और 2 चेन स्नेचर शातिर पकड़े जा चुके हैं। इनसे पहले भी लगभग 13 लाख रुपए का चोरी का सामान बरामद किया गया था। अब मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी से पुलिस ने मामले की पूरी जानकारी सुलझा ली है। शेष फरार आरोपियों की तलाश भी पुलिस कर रही है। विदिशा लाइन पुलिस ने बाइक चोरी के एक मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी की बाइक बरामद की है। दुर्घटना से मिली सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मंडिया देवार आरोपी प्रशांत भास्कर पिता हरिनारायण भास्कर उम्र 19 वर्ष निवासी पुरनपुरा को पकड़ लिया। उसके कब्जे से होंडा साइन 125सीसी बाइक जब्त की गई। यह कार्रवाई एसपी रोहित काटारा के निर्देशन, एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे एवं सीएसपी अतुल सिंह के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी आरके मिश्रा के नेतृत्व में की गई। आरोपी से पूछताछ जारी है।

विदिशा अनाज मंडी भी रहेगी बंद, माधवगंज चौराहे से कलेक्ट्रेट तक निकलेगी रैली

विदिशा बंद, व्यापारी बोले- 10 लाख से कम आबादी में ना खोले जाएं डी-मार्ट

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

शहर में डी-मार्ट खुलने से पहले ही विरोध तेज हो गया है। व्यापारी पिछले 10 दिन से माधवगंज चौराहे पर टेंट लगाकर धरना दे रहे हैं। अब यह विरोध सड़कों तक उतर गया है। 13 फरवरी शुक्रवार को दोपहर 1 बजे व्यापारी माधवगंज चौराहे से कलेक्ट्रेट तक रैली निकालेंगे। रैली बैन मार्केट से होकर गुजरेगी। इसी दिन विदिशा बंद का आह्वान किया गया है। बंद का समर्थन व्यापार डिस्ट्रीब्यूटर संघ, विदिशा व्यापार महासंघ, मध्य प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल और इनसे संबंधित आने वाले सभी संगठनों ने किया है। बंद के दौरान विदिशा की अनाज मंडी भी पूरी तरह बंद रहेगी। अनाज विक्रेता व्यापार कल्याण संघ के अध्यक्ष रामेश्वरम माहेश्वरी ने बताया कि बंद से चलते अनाज की नीलामी नहीं होगी। उन्होंने व्यापारियों से अपील की है कि मंडी में अनाज से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉलियां न लाएं। विदिशा व्यापार महासंघ ने भी इस बंद को समर्थन दिया है। 10 लाख से कम आबादी वाले नगरों में डी-मार्ट जैसी बड़ी कंपनियां और मॉल छोटे शहरों के लिए ठीक नहीं हैं। इससे स्थानीय व्यापार पर असर पड़ेगा। कई लोगों की रोजी-रोटी पर संकट आ सकता है। व्यापार डिस्ट्रीब्यूटर संगठन ने व्यापारियों से बातचीत के बाद बंद का फैसला लिया है। बंद के दिन व्यापारी सभा के बाद ज्ञापनसभी, कृषि मंडी, मुख्यमंत्री और संबंधित विभागों के नाम ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा जाएगा।

बड़ी कंपनियां, मॉल छोटे शहरों के लिए ठीक नहीं

पिछले 9 दिनों से धरने पर बैठे व्यापारियों का कहना है कि डी-मार्ट जैसी बड़ी कंपनियां और मॉल छोटे शहरों के लिए ठीक नहीं हैं। इससे स्थानीय व्यापार पर असर पड़ेगा। कई लोगों की रोजी-रोटी पर संकट आ सकता है। व्यापार डिस्ट्रीब्यूटर संगठन ने व्यापारियों से बातचीत के बाद बंद का फैसला लिया है। बंद के दिन व्यापारी सभा के बाद ज्ञापनसभी, कृषि मंडी, मुख्यमंत्री और संबंधित विभागों के नाम ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा जाएगा।

बेतवा में बना जल मंच, महाशिवरात्रि पर भगवान का प्रकटोत्सव

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

विदिशा आगामी 16 फरवरी को महा शिवरात्रि के अवसर पर शहर के 3 अलग-अलग स्थलों से भगवान शिव की शाही बारातें निकाली जाएंगी। इसकी तैयारियां प्रारंभ हो गई हैं। महाशिवरात्रि को लेकर बेतवा के बंगला घाट में जल मंच तैयार हो गया है। यहां महाशिवरात्रि पर भगवान का प्रकटोत्सव मनाया जाएगा। यहां रात भर अभिषेक और पूजन होगा। रात्रि जागरण में उज्जैन के कलाकार भगवान शिव और छोटू स्वरूप के भजन पेश करेंगे। इस संबंध में बंगला घाट जल सेवा समिति के संयोजक प्रजापति, सुरेश कुशवाह ने बताया कि भगवान के अभिषेक और पूजन के लिए मंच जल मंच तैयार किया गया है। शहर में विभिन्न स्थलों पर भगवान शिव के विवाह को लेकर आयोजन चल रहे हैं। कई स्थानों पर भव्य बारात और शोभायात्रा की निकाली जाएगी। बड़ा आयोजन बंगला घाट पर आयोजित किया जा रहा है। बंगला घाट इस बार महाकाल लोक की तरह शिवालोक के रूप में नजर आ रहा है। पिछले कई सालों से अनवरत रूप से यह आयोजन चल रहा है। तीसरे वर्ष भी भव्य आयोजन किया जा रहा है। प्रशासन की ओर से पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

सामान्य उद्यमिता (प्रोजेक्ट उन्नती) बैच का समापन

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

स्टेट बैंक आफ सेल्फ एम्प्लायमेंट ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम सामान्य उद्यमिता (प्रोजेक्ट उन्नती) बैच का आज संस्थान केंद्र पर समापन किया गया। प्रशिक्षण 21 जनवरी से 12 फरवरी 2026 तक 150 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। प्रशिक्षण के दौरान सभी लगभग प्रशिक्षणार्थियों को रोजगार और स्वरोजगार से संबंधित जानकारी कृषि तथा पशुपालन से संबंधित जानकारी दी गई जिसमें बकरी, गाय, भैंस, बकरी की उन्नत नस्ल, स्वच्छ दूध उत्पादन, पशुओं की बीमारी व अवगत कराया। साथ ही मुर्गी तथा पशु पालन से जुड़कर अपनी आय में आत्मिक सुधार कर सकें। प्रशिक्षण के माध्यम से आत्मनिर्भर बनें और अपनी आय में वृद्धि कर सकें। जिससे कि बाजार पर निर्भरता कम हो सके इस तरह की जानकारी के साथ प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में श्री नरेन्द्र सिंह कुशवाहा जिला प्रबंधक आर्थिका निगम, विदिशा साथ ही श्री सतीश कोरिया ने सभी प्रतिभागी को समूह की योजनाओं के बारे में अवगत कराया। समापन समारोह में ग्राम पंचायत से हीरापुरा रोजगार सहायक श्री देवराज लोधी जी उपस्थित रहे। आरसेटी निदेशक श्री एम सी महरी ने सभी सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन फैकल्टी पुष्पेन्द्र तथा फैकल्टी प्रशांत परिहार द्वारा किया

सात एकड़ में फैला पीएनबी कृषक प्रशिक्षण केन्द्र बना नवाचारों का केंद्र

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

पंजाब नेशनल बैंक कृषक प्रशिक्षण केन्द्र, विदिशा अपने सात एकड़ विस्तृत परिसर में संचालित बहुआयामी गतिविधियों के माध्यम से किसानों के लिए नवाचार, कौशल विकास और आत्मनिर्भरता का प्रमुख केंद्र बनकर उभर रहा है। यह केन्द्र कृषि क्षेत्र में नवीन तकनीकों के प्रयोग, वैकल्पिक आय स्रोतों के विकास और व्यावहारिक प्रशिक्षण के माध्यम से किसानों को आधुनिक खेती की ओर अग्रसर कर रहा है।

प्रशिक्षण केन्द्र के निदेशक अजय पांडेय ने बताया कि यह प्रशिक्षण केन्द्र कृषकों को परम्परागत खेती के साथ-साथ आय बढ़ाने वाले सहायक व्यवसायों से भी जोड़ रहा है। परिसर में प्रदर्शन आधारित प्रशिक्षण मॉडल अपनाया गया है, जहां किसान स्वयं देखकर और अभ्यास कर तकनीक सीखते हैं। यहां मशरूम उत्पादन, स्मुकवी पालन, मशरूम उत्पादन, डमी कम्पोस्ट निर्माण, जैविक एवं सुपोषित खेती की खेती, प्राकृतिक खेती और सोयाबीन कुसी नवाचारों पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। केन्द्र में विकसित डेमो फुल्टिज किसानों को यह समझाने में सहायक है कि सीमित संसाधनों से भी कैसे बेहतर उत्पादन लिया जा सकता है। मुख्य मशरूम उत्पादन जैविक खाद निर्माण तथा बीज एवं रोग नियंत्रण की प्राकृतिक विधियों पर विशेष जोर दिया जाता है। इसके कृषकों को लागत घटाने और पर्यावरण की सुरक्षा बढ़ाने में मदद मिल रही है। पीएनबी प्रशिक्षण केन्द्र केवल कृषि तक सीमित नहीं है, बल्कि ग्रामीण युवाओं और महिलाओं के लिए भी कौशल आधारित प्रशिक्षण उपलब्ध कराता है। कम्प्यूटर शिक्षा, सिलाई, ब्यूटी पार्लर, बुनाई, हस्तकला जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से स्वरोजगार के अवसर सृजित किए जा रहे हैं। इससे ग्रामीण परिवारों की आर्थिक स्थिति मजबूत हो रही है। केन्द्र द्वारा आयोजित कृषक चर्चा, किसान मेले, सिलुलोज मशरूम शिविर, पशु चिकित्सा शिविर एवं नियमित व्यवसाय कार्यक्रम ग्रामीण विकास की दिशा में एक नई राह दर्शाते हैं। यहां प्रशिक्षण पूरी तरह निःशुल्क है, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोग भी लाभान्वित हो रहे हैं।

एमपी ट्रांसको के 220 केवी सबस्टेशन पर सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यशाला

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) की सीधी एसडीओ पोलिसी अंतर्गत विदिशा जिले के 220 केवी विदिशा सबस्टेशन पर सुरक्षा एवं सबस्टेशन संचालन से संबंधित एक व्यापक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण सत्र के दौरान अधिकारी अभियंता शेखर कटारे एवं कार्यपालन अभियंता श्री संजय श्रीवास्तव ने सबस्टेशन मेंटेनेंस एवं आपरेशन वार्क के दौरान अपनाई जाने वाली आवश्यक सुरक्षा प्रक्रियाओं को विस्तार से समझाया।

सुरक्षित एवं व्यवहारिक कार्य प्रणाली पर दिया जोर

कार्यशाला में कार्यस्थल पर लापरवाही बरतने के महत्व पर विशेष जोर देते हुए दुर्घटनाओं से बचाव हेतु व्यावहारिक उपायों की जानकारी दी गई। साथ ही कर्मियों एवं उपकरणों की पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। एमपी ट्रांसको की जोन एक्सीक्यूटिव इंजिनियर के अंतर्गत नियोजित स्टेशन आपरेटिंग प्रोसीजर(एसओपी) एवं सेफ्टी प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन करने पर बल दिया गया।

इस कार्यशाला में सबस्टेशन की आपरेशन एवं मेंटेनेंस में आउटसोर्स तकनीकी कर्मियों ने सक्रिय सहभागिता की। प्रतिभागियों को सुरक्षित कार्य प्रणालियों, सुरक्षा उपकरणों के उपयोग तथा निर्बाध एवं सुरक्षित बिजली पारेषण बनाए रखने हेतु सावधित दिशानिर्देशों के प्रति जागरूक भी किया गया।

निरीक्षण औचक निरीक्षण में सख्त दिखे कलेक्टर, बीज गुणवत्ता व भंडारण व्यवस्था का लिया जायजा

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने आज विदिशा जिला मुख्यालय स्थित राज्य बीज एवं पौध विकास निगम के बीज प्रक्रिया केन्द्र का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बीज प्रसंस्करण , भंडारण, गुणवत्ता जांच एवं अभिलेख संधारण की स्थिति का बारीकी से परीक्षण किया।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने केन्द्र में उपलब्ध विभिन्न फसलों के प्रमाणित बीजों के स्टॉक रजिस्टर, लॉट नंबर, टैगिंग प्रणाली एवं भंडारण व्यवस्था की जानकारी संबंधित अधिकारियों से प्राप्त की। उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि किसानों को वितरित किए जाने वाले बीजों की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। बीजों की शुद्धता, अंकुरण क्षमता एवं मानक अनुरूप पैकेजिंग सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने गोदामों की स्वच्छता, वेंटिलेशन व्यवस्था तथा कीट नियंत्रण उपायों की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि भंडारित बीजों को नमी, तापमान एवं कीट संक्रमण से सुरक्षित रखना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि बीज की गुणवत्ता सीधे किसानों की उपज से जुड़ी होती है। उन्होंने नियमित अंतराल पर गुणनियंत्रण एवं तकनीकी परीक्षण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने बीज प्रसंस्करण मशीनों की कार्यक्षमता देखी तथा कर्मचारियों से संचालन संबंधी जानकारी ली। उन्होंने मशीनों के समय पर रखरखाव (मेंटेनेंस) एवं सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही बीज वितरण केन्द्रों के पूर्व सभी तैयारियां पूर्ण रखने के निर्देश दिए, ताकि किसानों को समय पर गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध हो सकें।

कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि केन्द्र से जारी बीज किसानों एवं सहकारी समितियों को बीज समयबद्ध, दर एवं विभाग की जानकारी कराकर तकनीकी प्रदर्शनी की जाए। उन्होंने निरीक्षण पंजी संधारित रखने तथा प्रत्येक निरीक्षण की न्यूनतम निरीक्षण करने पर भी बल दिया। इस अवसर पर किसान कल्याण एवं कृषि विभाग के उप संचालक केदार सूर्यवंशी, सहायक संचालक महेश सिंह ठाकुर तथा संबंधित विभागीय अधिकारी एवं बीज निगम के कर्मचारी उपस्थित रहे।

पीएम श्री स्कूल शमशाबाद में फुटबॉल वितरण कार्यक्रम आयोजित

डीआर संवाददाता ✍ शमशाबाद

भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के फुटबॉल कॉर्नर स्कूल अभियान के अंतर्गत पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, शमशाबाद में फुटबॉल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में खेल प्रतिभा को प्रोत्साहित करना एवं उन्हें फुटबॉल से जोड़ना है।

समारोह के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व मंत्री सूर्य प्रकाश मीना रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ भी सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। इस अवसर पर प्राचार्य श्री जितेंद्र कुमार, सरपंचसंघ श्री प्रहलाद सिंह भावड़ा सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

प्राचार्य ने बताया कि जिले के 328 विद्यालयों को फुटबॉल आवंटित की गई है, जिनमें से 26 विद्यालयों ने कार्यक्रम में उपस्थित होकर फुटबॉल प्राप्त की। मुख्य अतिथि ने कहा कि खेल विद्यार्थियों के शारीरिक एवं मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

कार्यक्रम के दौरान शारीरिक शिक्षिका श्रीमती उर्वशी चौहान के निर्देशन में मैत्रीपूर्ण फुटबॉल मैच का आयोजन भी किया गया। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। अंत में अतिथियों का सम्मान किया गया तथा कार्यक्रम सकारात्मक संदेश के साथ समाप्त हुआ।

डीआर राजगढ़

नरसिंगढ़, ब्यावरा, कुरावर, करनवास, सारंगपुर, जीरापुर, खिलचीपुर, छापीहिड़ा, तलेन

फाल्गुण कृष्ण पक्ष 11. 2082 राजगढ, दिन शुक्रवार, दिनांक 13 फरवरी 2026

न्यूज गैलरी

सड़क हादसे में युवक घायल, भोपाल ले जाते समय तोड़ा दम

ब्यावरा। गुना जिले के मधुसूदननगर निवासी 22 वर्षीय युवक की सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के बाद उपचार के लिए भोपाल ले जाते समय मौत हो गई। घटना ब्यावरा देवास बाना क्षेत्र के कलमरिया टोल के समीप हुई, जहां युवक ने अंतिम सांस ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार अभिषेक पिता महेश सिंह राजपूत (22) निवासी मधुसूदननगर, बुधवार रात एक साथी समारोह से लौट रहा था। इसी दौरान रघोपगढ़ के पास उसकी बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। सिर में अभिषेक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से एंबुलेंस द्वारा उसे उसका गुना जिला अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत नाजुक देखते हुए चिकित्सकों ने उसे भोपाल रेफर कर दिया। परिजन घायल युवक को भोपाल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ब्यावरा के पास जयमारिया टोल पर उसने दम तोड़ दिया।

अवैध देशी शराब जब्त, एक आरोपित गिरफ्तार

छापीहेड़ा। नगर में पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि नगर के पचोर रोड स्थित शनि मंदिर के पास एक व्यक्ति अवैध देशी शराब रखे हुए है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम द्वारा मौके पर दबिश दी गई, जहां से आरोपी विष्णु पिता भारत कंजर, उम्र 25 वर्ष, निवासी छापीहेड़ा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 2 पेटी अवैध देशी – शराब जब्त की गई।

पीएम आवास को लेकर सीएमओ को नोटि

पचोर। पंडा विकास अधिकारी के आवास स्वच्छता भारत मिशन 2.0 एवं सीएम ग्रेमएडन समीक्षा के चलते कलेक्टर डॉक्टर निशेष कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में निकाय वार विस्तृत समीक्षा की गई। पीएम आवास योजना 1.0 अंतर्गत निकाय क्षेत्र अपूर्ण आवास की संख्या अधिक पाए जाने पर पचोर सीएमओ को जिलेवार संबंधी नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। साथ ही पचोर के आवास प्रगति को भी कारण बताओ नोटिस जारी करने को कहा।

आज लगाया जाएगा रक्तदान शिविर

ब्यावरा। जिला अस्पताल राजगढ़ में रक्त की कमी को देखते हुए वैश्य महासम्मेलन इकाई ब्यावरा द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन शुक्रवार को स्थानीय शासकीय अस्पताल में सुबह 11 बजे से 3.30 तक किया जाएगा। आयोजकों ने शहरवासियों से उक्त शिविर में पहुंचकर अधिक से अधिक रक्तदान करने की अपील की है।

राजगढ़ रू स्टेट एक्शन प्लान फॉर

राजगढ़। सीएमएचओ डॉक्टर अंतर्गत गुरुवार को इंद्रायण जिला चिकित्सालय परिसर राजगढ़ में वरिष्ठ नागरिकों के लिए होलिस्टिक वेल-बीइंग कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर ज्योति राजोरे सहित जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आनन्द पंवार, सीएमएचओ डॉ. अनिल दिनेश नागर एवं सीडी सक्सेना उपस्थित रहे। साथ ही आयोजित कैंप के दौरान योग एवं निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा वरिष्ठजनों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक सलाह एवं मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कैंप निवासी वरिष्ठ नागरिकों को स्वस्थ एवं सक्रिय जीवनशैली अपनाने के लिए नियमित योग एवं प्राणायाम करने की सलाह दी।

जिला शिक्षाधिकारी ने जारी किया तल्ख आदेश, नहीं चलेगी बहानेबाजी

आदेश: ई-अटेंडेंस लगाने वाले शिक्षकों को ही मिल पाएगी मार्च में तनख्वाह

तकनीकी कारणों से हाजिरी न लगने पर संस्था प्रमुख नियंत्रक को करना होगा सूचित

डीआर संवाददाता ✉ राजगढ

स्कूलों से अक्सर नदारद रहने वाले शिक्षकों पर नकेल कसने शिक्षा विभाग द्वारा जुलाई 2025 से सरकार डिसके एप्पा पर ऑनलाइन अटेंडेंस की व्यवस्था शुरू की गई थी। लेकिन, तकनीकी कारणों जैसे मोबाइल नेटवर्क, सिग्नल न मिलने आदि कारणों के चलते विभाग ने शिक्षकों सहित अन्य लोकसेवकों की समस्याओं को समझा और अब तक किसी का वेतन नहीं काटा जा रहा था।

लेकिन, जिला शिक्षाधिकारी करण सिंह सिंकवार ने 12 फरवरी को जारी एक आदेश में स्पष्ट किया है कि मार्च माह में उन्हीं शिक्षकों एवं विभाग से जुड़े लोकसेवकों को वेतन जारी किया जाएगा जिन्होंने ऑनलाइन हाजरी के अटेंडेंस लगा रखे हैं। अगर दूर-दराज शासकीय अंचलों में मोबाइल नेटवर्क नहीं मिल पाता है और शिक्षकगण ई-हाजरी नहीं लगा पाए तो उन्हें इस बात की लिखित सूचना संबंधित संस्था प्रधानाध्यापक अधिकारी को लिखित अथवा प्रभारिक रूप से देना आवश्यक होगा। ऐसा सूचना का परीक्षण सबंधित प्रभारी करते हुए सम्बंधित निर्णय लेंगे। दूसरे शब्दों में मात्र तकनीकी कारणों को बता जारी किया जाएगा ऑनलाइन अटेंडेंस लगा रहे हैं। अगर दूर-दराज शासकीय अंचलों में मोबाइल नेटवर्क नहीं मिल पाता है और शिक्षकगण ई-हाजरी नहीं लगा पाए तो उन्हें इस बात की लिखित सूचना संबंधित संस्था प्रधानाध्यापक अधिकारी को